— प्रेस नोट —

जनपद मीरजापुर।

दिनांक- 05.07.2021

थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त पति-पत्नी गिरफ्तार —

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया। थाना विन्ध्याचल पर दिनांक 10.01.2021 को पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियोग की विवेचना प्र0नि0 रवीन्द्र प्रताप यादव थाना को0शहर द्वारा की जा रही थी। मा0न्यायालय से वारण्ट जारी होने के उपरान्त भी न्यायालय के समक्ष हाजिर न होने के कारण फरार होने की उद्घोषणा की कार्यवाही 82 सीआरपीसी के अन्तर्गत थाना को0शहर पुलिस द्वारा दिनांक 30.06.2021 को की गई थी। आज दिनांक 05.07.2021 को प्र0नि0 रवीन्द्र प्रताप यादव मय हमराह का0 कृष्ण कुमार, का0 अवध बिहारी व म0का0 दिव्या द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता तौलन उर्फ राजू पुत्र राधेश्याम मौर्या व सरिता देवी पत्नी तौलन उर्फ राजू निवासीगण गोसाईपुरवा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को रमईपट्टी तिराहा से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।